कार्यालय प्राचार्य,शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय इन्दौर

दिनांक 27/05/2023

अति आवश्यक– सूचना

MPTASS Portal & NIC Scholarship 2.0
Session 2021-22
Fresh/Renewal SC/ST/OBC Scholarship
Awas (First & Second Installment)
Session 2020-21 & 2021-22 Result updated

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी उच्च शिक्षा कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा म.प्र.शासन भोपाल के पत्र कमांक 594/633/आउशि/छा/2023 के परिपालन में MPTASS Portal पर सत्र 2021–23 के (PMS/ Awas/ Fresh/Renewal) का आवेदन करने से रह गये अनुसूचित जाति (SC) एवं अनुसूचित जनजाति (ST) तथा अन्य पिछड़ा वर्ग **OBC** के छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना का आवेदन करने के विद्यार्थियो को सूचित किया जाता है कि जिन विद्यार्थियो ने अभी तक अपने आवेदन नही भरे है या लॉक नही कर पाये वे दिनांक 30/06/2023 तक अपने आवेदन भरकर/लॉक कर समस्त आवश्यक दस्तावेजो की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न कर तथा कक्षा प्रभारी से हस्ताक्षर करवाकर कार्यालय में प्रस्तुत करें। एम.पी.टॉस पोर्टल पर आवास सहायता योजना के अंतर्गत प्रथम एवं द्वितीय दो किश्तो के आवेदन होते है अतःजिन विद्यार्थियो ने प्रथम किश्त का आवेदन कर दिया किन्तु द्वितीय किश्त का नही किया है वे भी उक्त दिनांक पूर्व अपने आवेदन करना सुनिश्चित करें। ऑनलाईन आवेदन करते समय यदि कोई तकनीकि त्रुटि आती है तो उसके समाधान के लिये कार्यालय में आकर संपर्क करे तथा आवश्यकता होने पर आदिम जाति कल्याण विभाग कार्यालय इन्दौर में जाकर टिकिट जनरेट करवायें। सत्र 2020–21 तथा 2021–22 में प्रवेशित जिन विद्यार्थियो के दोनो सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम आ गये है वे तत्काल कार्यालय में आकर पर रिजल्ट अपडेट करावे तथा अपने छात्रवृत्ति/आवास का आवेदन करना सुनिश्चित करें।

निर्धारित अवधि के उपरांत यदि कोई विद्यार्थी छात्रवृत्ति तथा आवास सहायता योजना आवेदन नही करता है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी की रहेगी। इस स्थिति में यदि किसी विद्यार्थी के सी.एम हेल्पालाईन या अन्य किसी प्रकार की शिकायत की जाती है इसे संबंधित विद्यार्थी की लापरवाही मानकर उसकी जानकारी शासन एवं संबंधित विभाग की प्रेषित की जावेगी। अतः असुविधा से बचने हेतु संबंधित विद्यार्थी अपनी पात्रता के अनुसार आज ही अपने ऑनलाईन आवेदन पोर्टल पर भरकर कार्यालय में प्रस्तुत करें।

पोर्टल बंद होने की अंतिम दिनांक 30/06/2023 है।

प्रभारी प्राचार्य,
शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय इन्दौर

प्रभारी प्राचार्य
शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय इन्दौर

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश शासन,
सतपुडा भवन भोपाल-462004
Email :- heschlor@mp.gov.in
दूरभाष 0755-2551573

क्रमांक 594/633/आउशि/छा/2023 भोपाल दिनांक 26/05/2023

प्रति,

1 कुलसचिव,
समस्त विश्वविद्यायल
उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश।

2 प्राचार्य,
शासकीय/अशासकीय/ अशासकीय अनुदान प्राप्त महाविद्यालय,
उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश।

विषयः—सत्र 2021—22 में **MPTAAS** पोर्टल पर आवेदन एवं प्रवेश डाटा अपलोड करने के संबंध में।

संदर्भः—अनुसूचित जाति विकास, मध्यप्रदेश का पत्र क्रमांक 2023—24/शिक्षा—1/1193 दिनांक 19.05.2023

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि सदर्भित के अनुसार सत्र 2021—22 में **MPTAAS** पोर्टल पर आवेदन एवं प्रवेश डाटा अपलोड करने हेतु अंतिम दिनांक 30.06.2023 निर्धारित की गई है।

उक्त प्रकरण मे निर्देशित किया जाता है कि सत्र 2021—22 में **MPTAAS** पोर्टल पर जिन विद्यार्थियों को प्रवेश डाटा अपलोड है उन सभी से आवेदन करना एवं पोर्टल पर अपलोड होने से शेष रहे गए विद्यार्थियों के डाटा को अपलोड एवं सुधार संबधित कार्य समय सीमा में संचालनालय उपस्थित होकर करना सुनिश्चित करें।

अतः पत्र में उल्लेख अनुसार निर्देशों के पश्चात् भी सत्र 2021—22 में किसी विद्यार्थी का प्रवेश डाटा अपलोड/सुधार होने से शेष रहता है तो उसके लिए संबंधित संस्था जिम्मेदार होगी।

A.Agrawal
(डॉ0 अजय अग्रवाल)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा,मध्यप्रदेश

क्रमांक 595/633/आउशि/छा/2023 भोपाल दिनांक 26/05/2023
प्रतिलिपिः—
1- निज सहायक, आयुक्त, उच्च शिक्षा, सपतुडा भवन भोपाल।

A.Agrawal
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा,मध्यप्रदेश